विषय कोड :
Subject Code : **106/125/206/224**

705- प्रश्न पुस्तिका क्रमांक Question Booklet Serial No. 0124177

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet
Set Code
**G**

# INTERMEDIATE EXAMINATION-2024

## इन्टरमीडिएट परीक्षा - 2024

## ( ANNUAL / वार्षिक )

## HINDI (COMPULSORY)

## हिन्दी (अनिवार्य)

**I. Sc. & I. Com.**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 24
**Total Printed Pages : 24**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :**

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।
6. खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें । **50 × 1 = 50**

1. 'तूती बोलना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) तोता जैसा बोलना (B) प्रभाव खोना

(C) अप्रभावित करना (D) प्रभाव जमाना

2. 'गीता गयी होगी' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमान काल (B) पूर्ण वर्तमान काल

(C) भूतकाल (D) भविष्यत काल

3. 'रीति' शब्द का बहुवचन रूप क्या है ?

(A) रीतियाँ (B) रितिओ

(C) रितियाएँ (D) रितें

4. 'चंदन ने उसका व्यापार हथिया लिया' – यह वाक्य किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) पूर्वकालिक क्रिया (B) प्रेरणार्थक क्रिया

(C) नामबोधक क्रिया (D) पुनरुक्त क्रिया



BiharboardQuestionpaper.com

5. 'भारत का राष्ट्रपति कौन है ?' इस वाक्य में 'कौन' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) पुरुषवाचक (B) निजवाचक

(C) प्रश्नवाचक (D) संबंधवाचक

6. 'मैं घड़ा भरता हूँ ।' – वाक्य में कौन क्रिया है ?

(A) सकर्मक (B) अकर्मक

(C) द्विकर्मक (D) संयुक्त

7. 'वह कलम से लिखता है' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्ता (B) कर्म

(C) करण (D) अपादान

8. निम्नलिखित में कौन शब्द अशुद्ध है ?

(A) वनवास (B) रसायन

(C) मरण (D) वीना

9. ( – ) कोष्ठक में अंकित विराम चिह्न है

(A) प्रश्नवाचक (B) पूर्णविराम

(C) योजक (D) अल्पविराम



BiharboardQuestionpaper.com

10. 'मंडली' शब्द में कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) गुणवाचक
(C) समूहवाचक
(D) द्रव्यवाचक

11. 'लिंग' शब्द किस भाषा का शब्द है ?

(A) तुर्की
(B) फारसी
(C) संस्कृत
(D) अरबी

12. 'राख' शब्द है

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

13. 'मोती' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

14. निम्नलिखित में कौन वर्ण अघोष है ?

(A) ज
(B) ग
(C) ड
(D) थ



BiharboardQuestionpaper.com

15. निम्नलिखित में कौन वर्ण अंतःस्थ व्यंजन का उदाहरण है ?

(A) य (B) क

(C) च (D) ट

16. हिन्दी में ऊष्म व्यंजनों की संख्या कितनी है ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

17. 'फ' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) तालु (B) मूर्द्धा

(C) दंत (D) ओष्ठ

18. 'वह भला आदमी है ।' – इस वाक्य में 'भला' किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) संख्यावाचक (B) परिमाणवाचक

(C) संकेतवाचक (D) गुणवाचक

19. 'ए' वर्ण किस स्वर का उदाहरण है ?

(A) ह्रस्व (B) दीर्घ

(C) प्लुत (D) लघु



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

20. 'देवेश' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) देवता + ईश
(B) दैव + इश
(C) देव + ईश
(D) देवे + श

21. 'कवि ने कहा' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) मुक्तिबोध
(B) ज्ञानेंद्रपति
(C) सुभद्रा कुमारी चौहान
(D) शमशेर बहादुर सिंह

22. किस चौराहे पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी ? 'रस्सी का टुकड़ा' शीर्षक कहानी के अनुसार लिखें ।

(A) नीदरलैण्ड
(B) आर्केदिया
(C) गोदरविल
(D) केरासम्स

23. चेख्यकोव किससे माफी माँगने गया था ?

(A) पत्नी से
(B) पिता से
(C) ब्रिजालोव से
(D) ऐनलियो से

24. फ्रैंका की आया कौन थी ?

(A) कारमेन
(B) फर्डिनांड
(C) ऐमिली
(D) बनाशो

25. 'देखते नहीं यह रेशम से कढ़ा हुआ सालू'' – यह पंक्ति किस शीर्षक कहानी की है ?

(A) जूठन
(B) तिरिछ
(C) उसने कहा था
(D) रोज



BiharboardQuestionpaper.com

G

26. 'बिहार में हिन्दी की वर्तमान स्थिति' विषय पर लेख के लिए किसने सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त किया ?

(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(C) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(D) जयप्रकाश नारायण

27. आपस में 'धाँगड़' किस भाषा में बात करते थे ?

(A) मिश्रित बुंदेली
(B) ब्रजबुलि
(C) मिश्रित ओरॉंव
(D) मणिपुरी

28. 'जानवर और जानवर' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) उदय प्रकाश
(B) मोहन राकेश
(C) अज्ञेय
(D) बालकृष्ण भट्ट

29. 'सिपाही का माँ' शीर्षक एकांकी की मुन्नी की अवस्था क्या थी ?

(A) 10 वर्ष
(B) 12 वर्ष
(C) 13 वर्ष
(D) 14 वर्ष

30. रत्नाकर त्रिपाठी किस कवि के पिता थे ?

(A) भूषण
(B) तुलसीदास
(C) नाभादास
(D) सूरदास

31. 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा के लेखक के बड़े भाई का नाम क्या था ?

(A) सुखवीर
(B) मनमीत
(C) गजोधर
(D) कालीराम



BiharboardQuestionpaper.com

32. निम्नलिखित में कौन रचना मलयज की है ?

(A) छायावाद
(B) वट पीपल
(C) हुंकार
(D) संवाद और एकालाप

33. 'तिरिछ' शीर्षक कहानी के कहानीकार के अनुसार दशहरे के दिन किस पक्षी को जरूर देखना चाहिए ?

(A) मैना
(B) तीतर
(C) नीलकंठ
(D) कबूतर

34. लीडबेटर किसमें 'विश्व शिक्षक' का रूप देखते थे ?

(A) बालकृष्ण भट्ट में
(B) जे० कृष्णमूर्ति में
(C) उदय प्रकाश में
(D) ओमप्रकाश वाल्मीकि में

35. 'पॉल गोमरा का स्कूटर' किसकी रचना है ?

(A) उदय प्रकाश
(B) मलयज
(C) अज्ञेय
(D) जे० कृष्णमूर्ति

36. जे० कृष्णमूर्ति का पूरा नाम क्या था ?

(A) जॉन कृष्णमूर्ति
(B) जिद्दू कृष्णमूर्ति
(C) जेसर कृष्णमूर्ति
(D) जार्ज कृष्णमूर्ति



BiharboardQuestionpaper.com

37. जायसी किस भाषा के कवि थे ?

(A) ब्रजभाषा (B) अवधी

(C) कन्नौजी (D) बघेली

38. निम्नलिखित में कौन कवि सगुण भक्तिधारा के हैं ?

(A) जायसी (B) कबीरदास

(C) सूरदास (D) कुतुबन

39. किस कवि का मूल नाम 'रामबोला' था ?

(A) तुलदीदास का (B) नाभादास का

(C) सूरदास का (D) कबीरदास का

40. तुलसीदास का स्थाई निवास-स्थान कहाँ था ?

(A) अयोध्या में (B) काशी में

(C) सीतापुर में (D) रामपुर में

41. 'सुवास' शब्द में उपसर्ग कौन है ?

(A) नि (B) सम्

(C) सु (D) वि

42. 'लघुत्व' शब्द में प्रत्यय कौन है ?

(A) अ (B) त्व

(C) लघु (D) क्त्वा



BiharboardQuestionpaper.com

श्रद्धा



नीलकंठ



43. 'वीरता' शब्द में प्रत्यय कौन है ?

(A) वीर
(B) वि
(C) ता
(D) अ

44. 'रक्तिमा' शब्द में प्रत्यय कौन है ?

(A) इमा
(B) ईमा
(C) आ
(D) रक्त

45. 'पर्वत' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) परबत
(B) पार्वती
(C) पर्वतीय
(D) पवित्र

46. 'प्रथम' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) प्राथमिक
(B) प्रयास
(C) प्रार्थना
(D) पृथक

47. 'निज' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) नजर
(B) निजी
(C) निजाम
(D) निर्जीव



BiharboardQuestionpaper.com

48. 'दरिंदों ने केवल मासूमों को लूटा ही नहीं, बल्कि उनकी हत्या भी कर दी' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य
(B) मिश्र वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) आज्ञावाचक वाक्य

49. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा देखी ।
(B) यह काम आप पर निर्भर करता है ।
(C) पशुओं का झुंड चारों ओर पानी की खोज में घूम रहा था ।
(D) मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ ।

50. 'वहाँ अकेले बैठा हुआ आदमी अपराधी है' – इस वाक्य में कौन पदबंध है ?

(A) संज्ञा पदबंध
(B) सर्वनाम पदबंध
(C) विशेषण पदबंध
(D) क्रिया पदबंध

51. 'सर्प' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) पयोद
(B) केहरि
(C) सुरंग
(D) उरग

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..

52. 'ब्रह्मा' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) जगदीश
(B) रत्नाकर
(C) चतुरानन
(D) दशानन



BiharboardQuestionpaper.com

**G**

53. 'चंद्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) अंशुमाली
(B) तमस
(C) शार्दूल
(D) हिमांशु

54. 'जिसके चार पद हैं' – के लिए एक शब्द है

(A) चौमासा
(B) चतुरानन
(C) चतुष्पद
(D) चौराहा

55. 'जिसे भय नहीं है' – के लिए एक शब्द है

(A) निर्दयी
(B) निर्भय
(C) निर्भर
(D) निर्मित

56. 'दो बार जन्म लेनेवाला' – के लिए एक शब्द है

(A) अंडज
(B) पंकज
(C) जलज
(D) द्विज

57. 'गिरा हुआ' – के लिए एक शब्द है

(A) पारस
(B) पयोधि
(C) पावन
(D) पतित

58. 'दिन दूना रात चौगुना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) खूब उन्नति
(B) खूब अवनति
(C) पतन
(D) दिशाहीन



BiharboardQuestionpaper.com

मुधण



G

59. 'पगड़ी रखना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) गर्मी होना (B) सिर खुजलाना

(C) इज्जत बचाना (D) इज्जत उतारना

60. 'नाच नचाना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) मान करना (B) तंग करना

(C) नृत्य करना (D) शिष्ट होना

61. 'हरिशंकर' शब्द में कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) कर्मधारय

(C) द्वन्द्व (D) अव्ययीभाव

62. 'चरणकमल' शब्द में कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) तत्पुरुष

(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

63. 'रसभरा' शब्द में कौन समास है ?

(A) कर्म तत्पुरुष (B) करण तत्पुरुष

(C) संप्रदान तत्पुरुष (D) अपादान तत्पुरुष



BiharboardQuestionpaper.com

**G**

64. निम्नलिखित में कौन शब्द द्विगु समास का उदाहरण है ?

(A) पंचपात्र (B) नीलकमल

(C) देशभक्ति (D) प्रेमसिक्त

65. किसी भाषा के मूल शब्द को क्या कहते हैं ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशी

66. 'सौ' शब्द का तत्सम रूप क्या है ?

(A) कोटि (B) लक्ष

(C) पद्म (D) शत

67. निम्नलिखित में कौन शब्द विदेशी शब्द है ?

(A) क्षीर (B) फूल

(C) अश्व (D) कैंची

68. 'जलज' शब्द किस शब्द का उदाहरण है ?

(A) रूढ़ (B) देशज

(C) योगरूढ़ (D) विदेशी



BiharboardQuestionpaper.com

२८ + ५० नं

G



69. 'अधिकार' शब्द में उपसर्ग कौन है ?

(A) अति
(B) आ
(C) अधि
(D) अनु

70. 'अव' उपसर्ग से बना हुआ शब्द कौन है ?

(A) आगमन
(B) अध्यक्ष
(C) अनुज
(D) अवज्ञा

71. 'अगम' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) आगम
(B) गम
(C) सरगम
(D) सुगम

72. 'एकेश्वरवाद' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) ईश्वरवाद
(B) बहुदेवीवाद
(C) बहुदेववाद
(D) बहुतदेवाद

73. 'उग्र' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) अधः
(B) सौम्य
(C) तारा
(D) उदार



BiharboardQuestionpaper.com

G

74. निम्नलिखित में कौन शब्द विसर्ग संधि का उदाहरण है ?

(A) दुष्कर
(B) अहंकार
(C) पंचम
(D) जगदीश

75. 'जगत् + आनंद' – पदों की संधि है

(A) जगनंद
(B) जगतआनंद
(C) जगतानंद
(D) जगदानंद

76. निम्नलिखित में कौन शब्द यण् स्वरसंधि का उदाहरण है ?

(A) यद्यपि
(B) देवर्षि
(C) विद्यार्थी
(D) चयन

77. 'सज्जन' शब्द का संधि–विच्छेद है

(A) सम् + जन
(B) सत् + जन
(C) सज् + जन
(D) सद् + जन

78. 'रमेश' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) रम + श
(B) रमन + ईश
(C) रमा + ईश
(D) रम + इश



BiharboardQuestionpaper.com

79. निम्नलिखित में कौन शुद्ध शब्द है ?

(A) परीक्षण (B) पीचास

(C) प्रान (D) भुधर

80. 'वीणापाणि' शब्द में कौन समास है ?

(A) नञ् (B) द्विगु

(C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि

81. 'छप्पय' क्या है ?

(A) अलंकार (B) रस

(C) छंद (D) संधि

82. चिंतामणि किस काल के कवि थे ?

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

83. निम्नलिखित में कौन कवि छायावादी हैं ?

(A) भूषण (B) जयशंकर प्रसाद

(C) विनोद कुमार शुक्ल (D) नाभादास

84. 'कामायनी' महाकाव्य में कामायनी कौन है ?

(A) मनु (B) श्रद्धा

(C) इड़ा (D) रूपा



BiharboardQuestionpaper.com

85. सुभद्रा कुमारी चौहान के पति का नाम क्या था ?

(A) ठाकुर लक्ष्मण सिंह
(B) ठाकुर राम सिंह
(C) ठाकुर कृष्ण सिंह
(D) ठाकुर राजा सिंह

86. 'राख से लीपा हुआ चौका' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) पुत्र–वियोग
(B) अधिनायक
(C) उषा
(D) हार–जीत

87. 'कामायनी : एक पुनर्विचार' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) विनोद कुमार शुक्ल
(B) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(C) अशोक वाजपेयी
(D) सुमित्रानंदन पंत

88. 'कौमुदी' नामक कविता केन्द्र की स्थापना किसने की ?

(A) अशोक वाजपेयी
(B) रघुवीर सहाय
(C) अज्ञेय
(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

89. विनोद कुमार शुक्ल की किस रचना पर मणिकौल ने फिल्म बनाई थी ?

(A) अतिरिक्त नहीं
(B) सब कुछ होना बचा रहेगा
(C) महाविद्यालय
(D) नौकर की कमीज

90. 'समय के पास समय' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) रघुवीर सहाय
(B) अशोक वाजपेयी
(C) अज्ञेय
(D) मुक्तिबोध



BiharboardQuestionpaper.com

G

91. 'सौ अजान एक सुजान' नामक उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं ?

(A) जयप्रकाश नारायण
(B) जगदीशचन्द्र माथुर
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) मोहन राकेश

92. शिक्षा प्राप्ति के लिए अमेरिका कौन गये थे ?

(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(C) जयप्रकाश नारायण
(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

93. 'अर्धनारीश्वर' कल्पित रूप है

(A) राधा और कृष्ण का
(B) शंकर और पार्वती का
(C) सीता और राम का
(D) विष्णु और लक्ष्मी का

94. मालती के बच्चे का नाम क्या था ?

(A) टिटी
(B) सिटी
(C) किटी
(D) चिटी

95. भगत सिंह का जन्म कब हुआ था ?

(A) सन् 1907 में
(B) सन् 1911 में
(C) सन् 1914 में
(D) सन् 1915 में



BiharboardQuestionpaper.com

पत्रापत्र अधिक तद्भव



96. 'तीनकठिया' प्रथा का सम्बंध किससे है ?

(A) हींग
(B) कपास
(C) नील
(D) रंग

97. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ की साहित्यिक विधा क्या है ?

(A) लेख
(B) कहानी
(C) एकांकी
(D) निबंध

98. 'जनयुग' पत्रिका के संपादक कौन थे ?

(A) गणेश शंकर विद्यार्थी
(B) अज्ञेय
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) नामवर सिंह

99. 'सदियों का संताप' शीर्षक कृति किसकी है ?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(B) नामवर सिंह
(C) मलयज
(D) उदय प्रकाश

100. ओमप्रकाश वाल्मीकि का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) बरला, मुजफ्फरनगर
(B) महुई, आजमगढ़
(C) सीतापुर, अनूपपुर
(D) निहालपुर, इलाहाबाद

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें...
BiharboardQuestionpaper.com